होप का तूफानी शतक

चौथा टी-२० : वेस्टइण्डीज ने भारत को दिया २४८ रनों का लक्ष्य

हैदराबाद (आससे)। कप्तान शाई होप (अजेय १०२) के तूफानी शतक और उनकी तीन अर्द्धशतकीय साझेदारियों के दम पर वेस्टइण्डीज ने



बुधवार को भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी-२० शृखलाके चौथे मुकाबले में २० ओवर में तीन विकेट पर २४७ रन का विशाल स्कोर बनाया। होप और रदरफोर्ड ने चौथे विकेट के लिए ४३ गेंद में ९१ रन की ताबड़तोड़ अटूट साझेदारी की। टास हारकर बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइण्डीज ने विस्फोटक शुरुआत की। शानदार फार्म में चल रहे कप्तान शाई होप और ज्वेल एंड्रयू ने पहले विकेट के लिए २६ गेंद में अर्द्धशतकीय साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी लेकिन अक्षर पटेल ने ज्वेल को पगबाधा करके उनकी १६ गेंद में दो चौके, एक छक्के की मदद से खेली गयी २१ रन की पारी का अंत करते हुए भारत को राहत की सांस दिलायी। मगर वेस्टइण्डीज ने पावरप्ले में एक विकेट गंवा कर ७९ रन बना डाले। दूसरी ओर होप का बल्ला इसके बाद भी रन उगलता रहा उन्होंने शिमरोन हेटमायर (३३) के साथ दूसरे विकेटके लिए २४ गेंदों में ५८ रन जोड़ दिये। हेटमायर को प्रिंस यादव ने अपनी ही गेंद पर कैच किया। हेटमायर ने १२ गेंद में चार चौके और दो छक्का लगाया। इसके बाद रोवमैन पावेल को अर्शदीप सिंह ने संजू सैमसन के हाथों कैच करा वेस्टइण्डीज को तीसरा झटका दिया। पावेल (२४) ने १७ गेंद में दो चौके और एक छक्का लगाने के साथ होप के साथ २७ गेंद में ४६ रन जोड़कर आउट हुए। १२वें ओवर की पांचवीं गेंद पर अर्शदीप ने आफ स्टंप के बाहर फुल लेंथ गेंद डाली। पावेल ने डीप एक्स्ट्रा कवर की ओर बड़ा शाट खेलने की कोशिश की लेकिन गेंद बल्ले का बाहरी किनारा लेकर विकेटकीपर संजू सैमसन के दस्तानों में चली गयी। इस दौरान ने होप ने आक्रामक अंदाज में खेलते हुए अर्द्धशतक पूरा कर लिया जिससे वेस्टइण्डीज का १३वें ओवर में स्कोर तीन विकेट पर १५६ रन हो गया। होप का साथ देने उतरे खतरनाक बल्लेबाज शेरफिन रदरफोर्ड ने आते ही आक्रामक तेवर अपना लिया। छक्का से अर्द्धशतक पूरा करनेवाले होप की आक्रामक बल्लेबाजी का नतीजा रहा कि वेस्टइण्डीज ने १७ ओवर में ही २०० रनों का आंकड़ा पार कर लिया। कप्तान श्रेयस अय्यर बार-बार अपने गेंदबाजों को बदलते रहे लेकिन होप पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। वह मनचाहे अंदाज में चौके, छक्के लगाते रहे। मयंक यादव ने चार ओवर में बिना विकेट लिए ५२ रन लुटाये। नमन धीर ने अपने पहले ओवर में १९ रन खर्च कर दिये जिससे उन्हें दोबारा गेंदबाजी नहीं दी गयी जबकि अक्षर पटेल भी ४५ रन खर्च किये। कुछ देर के लिए जब होप शांत हुए तो रदरफोर्ड का बल्ला रन बरसाने लगा। वहीं शाई होप ने अंत में ५० गेंद में चार चौके और नौ छक्के की मदद से १०२ रन की अजेय पारी खेलने के अलावा रदरफोर्ड (४९) के साथ मात्र ४३ गेंद में ९१ रन की अटूट साझेदारी की जिससे वेस्टइण्डीज ने २० ओवर में तीन विकेटके नुकसान पर २४७ रन का विशाल स्कोर बना दिया। रदरफोर्ड ने २६ गेंद में ४९ रन की अजेय पारी खेली जिसमें चार चौके और तीन छक्के शामिल रहे। प्रिंस यादव ने सबसे किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में ३६ रन देकर एक विकेट लिए।

अय्यर करियरके सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थानपर

टी-२० रैंकिंग शीर्ष १० में चार भारतीय शामिल

दुबई (एजेन्सियां)। भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर वेस्टइण्डीज के खिलाफ पांच मैच की मौजूदा शृंखला में शानदार प्रदर्शन की बदौलत आईसीसी की बल्लेबाजों की नवीनतम टी-२० अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में तीन स्थान के फायदे से करियर के सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थान पर पहुंच गये हैं। अय्यर ने लखनऊ में शृंखला के पहले मैच में अपना पहला टी-२० अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा। टी-२० अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष १० में चार भारतीय शामिल हैं। इशान किशन ९०४ अंक के साथ शीर्ष पर हैं। उन्होंने साथी भारतीय बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पर १३ अंक की बढ़त बना रखी है। पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान करियर के सर्वश्रेष्ठ ८८३ अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। आईसीसी ने विज्ञप्ति में कहा कि श्रीलंका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान के कप्तान फरहान ने करियर के सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक हासिल किये। श्रीलंका के कुसल मेंडिस (तीन स्थान के फायदे से २३वें स्थान पर), वेस्टइण्डीज के शेरफेन रदरफोर्ड (१३ स्थान के फायदे से संयुक्त २४वें) और भारत के संजू सैमसन (चार स्थान के फायदे से संयुक्त २७वें) को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। वेस्टइण्डीज के रोस्टन चेज ने भारत के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद आईसीसी टी-२० अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में २४ स्थान की छलांग लगाकर २३वां स्थान हासिल किया जबकि टी-२० अंतरराष्ट्रीय आलराउंडरों की सूची में दो पायदान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर हैं। पाकिस्तान के सलमान मिर्जा (नौ स्थान ऊपर चढ़कर १४वें) और साइम अयूब (आठ स्थान की छलांग लगाकर ५४वें) ने भी टी-२० अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में सुधार किया।

एकदिनी टीम में चुने जा सकते हैं सूर्यांश

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। मुम्बई के तेज गेंदबाजी हरफनमौला सूर्यांश शेडगे को न्यूजीलैण्ड दौरे के लिए भारत की एकदिनी टीम में चुना जा सकता है जिन्होंने हाल ही में आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ लिस्ट ए टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। २३ वर्ष के शेडगे ने इंगलैण्ड के खिलाफ तीन टी-२० मैच खेले थे और हाल ही में हैमस्ट्रिंग चोट से उबरने के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में लौटे हैं। उन्होंने पुडुचेरी में आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ अनौपचारिक एकदिनी शृंखला में बल्ले और गेंद से प्रभावित किया। बीसीसीआई के अनुसार एकदिनी टीम में शेडगे के चुने जाने की प्रबल संभावना है क्योंकि टेस्ट शृंखला में चौथे तेज गेंदबाज और निचले क्रम के बल्लेबाज के तौर पर नीतिश कुमार रेड्डी की अहम भूमिका होगी।

नटराजन सनराइजर्स में, जीशान दिल्ली से जुड़े

मुंबई (एजेन्सियां)। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज टी नटराजन की सनराइजर्स हैदराबाद में वापसी हुई है जबकि आईपीएल की इन दोनों फ्रेंचाइजी के बीच खिलाड़ियों के ट्रेड (अदला-बदली) के तहत लेग स्पिनर जीशान अंसारी बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ गये। नटराजन पांच करोड़ रुपये की संशोधित फीस पर २०१६ की आईपीएल चैम्पियन टीम से जुड़ेंगे। उन्हें दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल २०२५ की नीलामी में १०.७५ करोड़ रुपये में खरीदा था। आईपीएल २०२६ सत्र में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए १०मैच खेलने वाले अंसारी ४० लाख रुपये की मौजूदा फीस पर दिल्ली कैपिटल्स में शामिल होंगे। आईपीएल ने बयान में कहा कि २०२० से २०२४ तक पांच सत्र में सनराइजर्स हैदराबाद का प्रतिनिधित्व करने वाले नटराजन फ्रेंचाइजी में लौट आये हैं। इसी टीम के लिए खेलते हुए उन्होंने आईपीएल के सबसे प्रभावी बाएं हाथ के भारतीय तेज गेंदबाजों में अपनी पहचान बनायी थी। बयान के अनुसार, नटराजन का आईपीएल में सबसे सफल सत्र २०२४ में रहा जब उन्होंने १९ विकेट लिए। वह उस सत्र में सनराइजर्स के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे और टीम को फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। अंसारी ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पदार्पण मैच में तीन विकेट चटकाकर अपने आईपीएल करियर की शानदार शुरुआत की थी। आईपीएल ने कहा कि इस लेग स्पिनर ने आईपीएल में १० मैच में छह विकेट लिए हैं और उनके आने से दिल्ली कैपिटल्स के स्पिन गेंदबाजी विभाग को मजबूती मिलेगी। पैंतीस वर्षीय नटराजन ने भारत के लिए एक टेस्ट और दो एकदिनी अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेले हैं। उन्होंने आईपीएल में ७३ मैच में ७२ विकेट लिए हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन १९ रन पर चार विकेट है। छब्बीस वर्षीय अंसारी के नाम आईपीएल के १० मैच में छह विकेट हैं।

गुजरात, बंगाल और हरियाणाकी बड़ी जीत

रणजी ट्राफी

अहमदाबाद/रोहतक (एजेन्सियां)। बाएं हाथ के स्पिनर सिद्धार्थ देसाई की शानदार गेंदबाजी के दम पर गुजरात ने बुधवार को यहां रणजी ट्राफी ग्रुप सी के मैच में ओडिशा को १० विकेट से करारी शिकस्त देकर बोनस अंक सहित सात अंक हासिल किये। ओडिशा ने सुबह चार विकेट पर ११९ रन से अपनी पारी आगे बढ़ायी लेकिन उसकी पूरी टीम १६१ रन पर आउट हो गयी। गुजरात को इस तरह से ४७ रन का लक्ष्य मिला जिसे उसने ९.३ ओवर में बिना किसी नुकसान के हासिल कर लिया। इससे पहले देसाई ने ३६ रन देकर पांच विकेट लिए और ओडिशा को सस्ते में समेटने में अहम भूमिका निभाई। ओडिशा की तरफ से संदीप पटनायक ने ६५ और निनाद राठवा ने ५३ रन बनाये। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्जन नागवासवाला ने भी गुजरात की जीत में योगदान दिया। उन्होंने मैच में छह विकेट लिए, जिसमें दूसरी पारी में ३३ रन देकर तीन विकेट भी शामिल हैं। वहीं बंगाल ने ग्रुप सी में ही अपने अभियान का आगाज जीत के साथ करते हुए दिल्ली को चौथे और आखिरी दिन नौ विकेट से हरा दिया। अपने कल के स्कोर तीन विकेट पर १०१ रन से आगे खेलते हुए दिल्ली की टीम १०६.२ ओवर में २७७ रन पर आउट हो गयी। कप्तान आयुष बडोनी ने १३४ गेंद में ८५ रन बनाये जिसमें दस चौके शामिल थे। विकेटकीपर बल्लेबाज अनुज रावत ने ७६ गेंद में ३९ रन का योगदान दिया। दिल्ली के २४० रन के जवाब में बंगाल ने पहली पारी में ४२९ रन बनाये थे और उसे ८९ रन का लक्ष्य हासिल करने के लिए १५.३ ओवर की ही जरूरत पड़ी। उधर रोहतक में हिमांशु राणा और धीरू सिंह की धैर्यपूर्ण पारियों की मदद से हरियाणा ने यहां बंसी लाल क्रिकेट स्टेडियम में ग्रुप डी मैच के चौथे और अंतिम दिन हिमाचल प्रदेश को सात विकेट से हरा दिया। हरियाणा के सामने ७१ रन का लक्ष्य था लेकिन उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही और दूसरी पारी में एक समय उसका स्कोर तीन विकेट पर २६ रन था। इसके बाद हिमांशु राणा (अजेय ३७ रन) और धीरू सिंह (अजेय २४ रन) में टीम को १८.१ ओवर में लक्ष्य तक पहुंचाया। इन दोनों ने चौथे विकेट के लिए ५१ रन की अटूट साझेदारी की। यह दोनों बल्लेबाज पहली पारी में दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच पाये थे लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने मुश्किल समय पर अच्छा प्रदर्शन करके अपनी टीम को छह अंक दिलाये। हिमाचल प्रदेश ने अपनी पहली पारी में २५३ रन बनाये थे जिसके जवाब में हरियाणा ने २९६ रन बनाकर ४३ रन की बढ़त हासिल की थी। हरियाणा की तरफ से अंकित राजेश कुमार (५९), यशवर्धन दलाल (७२) और कनिष्क चौहान (५०) ने अर्धशतक बनाये। हिमाचल प्रदेश की टीम दूसरी पारी में ११३ रन पर आउट हो गयी थी। हरियाणा की तरफ से तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज ने ५६ रन देकर चार विकेट लिए। उनके अलावा पार्थ वत्स ने २२ रन देकर तीन विकेट लिए जबकि कनिष्क चौहान और अमन कुमार ने दो-दो विकेट हासिल किये।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-वाराणसी
पता:-विकास भवन, पंम तल, वाराणसी

पत्रांक:- 2494/ग्रा.अ.वि./निविदा पत्राली/पत्रावली सं. 01/अनु.सहायक/2026-27 दिनांक:- 08.10.2026

ई-निविदा नोटिस

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड वाराणसी के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए,बी,सी एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से *ई-टेण्डरिंग* के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न बिल आफ क्वान्टिटी के अंकित दरों में जी0एस0टी के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित है, जीए0एस0टी0 का भुगतान सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार अलग से किया जायेगा। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

क्र0सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में) जी0एस0टी0 रहित	बिड सिकुरिटि (इ0एम0डी0) (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (यदि आवश्यक हो) (रू0में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित
1	2	3	4	5	6	7
डॉ0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजना						
1	वाराणसी	ग्राम सभा बन्देपुर में संत रविदास/डॉ बी० आर० अम्बेडकर जी पार्क का सुंदरीकरण व मूर्ति स्थापना का कार्य	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
2		ग्राम सभा कोरौता में संत रविदास/डॉ बी० आर० अम्बेडकर जी पार्क का सुंदरीकरण व मूर्ति स्थापना का कार्य	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
3		ग्राम सभा अखरी में संत रविदास/डॉ बी० आर० अम्बेडकर जी पार्क का सुंदरीकरण व मूर्ति स्थापना का कार्य	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
4		ग्राम सभा बढैनी खूर्द में संत रविदास/डॉ बी० आर० अम्बेडकर जी पार्क का सुंदरीकरण व मूर्ति स्थापना का कार्य	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
5		ग्राम सभा बहोरनपुर में संत रविदास/डॉ बी० आर० अम्बेडकर जी पार्क का सुंदरीकरण व मूर्ति स्थापना का कार्य	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
6		ग्राम सभा सरहरी मनोरथपुर में संत रविदास/डॉ बी० आर० अम्बेडकर जी पार्क का सुंदरीकरण व मूर्ति स्थापना का कार्य	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
7		ग्राम सभा खुशीपुर में संत रविदास/डॉ बी० आर० अम्बेडकर जी पार्क का सुंदरीकरण व मूर्ति स्थापना का कार्य	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
8		ग्राम सभा फरीदपुर में संत रविदास/डॉ बी० आर० अम्बेडकर जी पार्क का सुंदरीकरण व मूर्ति स्थापना का कार्य	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
9		ग्राम सभा कपरफोरवा में डॉ बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति स्थल के सुन्दरीकरण का कार्य।	1.51	0.030	150+18% GST+500=677	3 माह
10		ग्राम सभा जगतपुर में डॉ बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति स्थल के सुन्दरीकरण का कार्य।	7.70	0.154	225+18% GST+500=766	3 माह
11		ग्राम सभा भैटौली (प्राथमिक विद्यालय भैटौली परिसर) में डॉ बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति स्थल के सुन्दरीकरण का कार्य।	7.75	0.155	225+18% GST+500=766	3 माह
12		ग्राम सभा धौरहरा (नारे पर) विकास खण्ड चोलापुर में अम्बेडकर जी पार्क का सून्दरीकरण व मूर्ति स्थापना का कार्य।	8.48	0.170	225+18% GST+500=766	3 माह
13		ग्राम सभा गडसरा, दानगंज, विकास खण्ड चोलापुर में अम्बेडकर जी पार्क का सून्दरीकरण व मूर्ति स्थापना का कार्य।	8.03	0.161	225+18% GST+500=766	3 माह
14		ग्राम सभा हरदासीपुर, नियारडीह,विकास खण्ड-चोलापुर में अम्बेडकर जी पार्क का सून्दरीकरण व मूर्ति स्थापना का कार्य।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
15		ग्राम सभा भदवॉ, दानगंज, विकास खण्ड-चोलापुर में अम्बेडकर जी पार्क का सून्दरीकरण व मूर्ति स्थापना का कार्य।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
16		ग्राम सभा रामगांव विकास खण्ड-हरहुआ में अम्बेडकर जी पार्क का सून्दरीकरण व मूर्ति स्थापना का कार्य।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
17		ग्राम सभा रमईपट्टी विकास खण्ड पिण्डरा में अम्बेडकर जी पार्क का सून्दरीकरण व मूर्ति स्थापना का कार्य।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
18		ग्राम सभा शिवरामपुर (अम्बा पर) विकास खण्ड हरहुआ में अम्बेडकर जी पार्क का सून्दरीकरण व मूर्ति स्थापना का कार्य।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
19		ग्राम सभा सिंहपुर विकास खण्ड-चोलापुर, में अम्बेडकर जी पार्क का सून्दरीकरण व मूर्ति स्थापना का कार्य।	8.44	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
20		ग्राम सभा उधोरामपुर, विकास खण्ड-चोलापुर में अम्बेडकर जी पार्क का सून्दरीकरण व मूर्ति स्थापना का कार्य।	8.46	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
21		ग्राम सभा सुल्तानीपुर, विकास खण्ड-चोलापुर में अम्बेडकर जी पार्क का सून्दरीकरण व मूर्ति स्थापना का कार्य।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
22		स्वामी विवेकानन्द जी की प्रतिमा, भेलुपूर आई पी विजया के सामने का सुन्दरीकरण का कार्य।	0.81	0.016	150+18% GST+500=677	3 माह
23		महमुरगंज पुलिस चौकी के पिछे स्थित सेवा बस्ती में श्रद्धेय अम्बेडकर जी व सन्त रविदास जी की प्रतिमा का सुन्दरीकरण व मूर्ति स्थापना का कार्य।	8.14	0.163	225+18% GST+500=766	3 माह
24		श्रद्धेय रवीन्द्र नाथ टैगोर जी प्रतिमा का सुन्दरीकरण का कार्य।	6.84	0.137	225+18% GST+500=766	3 माह
25		श्रद्धेय गाधी जी की प्रतिमा गॉधी चबूतरा शिवपुरवा का सौन्दरीकरण कार्य।	8.44	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
26		श्रद्धेय गाधी जी की प्रतिमा गॉधी चौक खोजवा के सौन्दरीकरण कार्य।	3.94	0.079	150+18% GST+500=677	3 माह
27		श्रद्धेय बाल गंगाधर तिलक जी की प्रतिमा सिगरा के सौन्दरीकरण कार्य।	0.98	0.020	150+18% GST+500=677	3 माह
28		श्रद्धेय सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की प्रतिमा आदित्य नगर के सौन्दरीकरण का कार्य।	4.69	0.094	225+18% GST+500=766	3 माह
29		श्रद्धेय लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा रामनगर के सौन्दरीकरण का कार्य।	7.68	0.154	225+18% GST+500=766	3 माह
30		श्रद्धेय महामना मदन मोहन मालवीय जी की प्रतिमा लंका के सौन्दरीकरण का कार्य।	7.57	0.151	225+18% GST+500=766	3 माह
31		ग्राम सभा छतरीपुर में हरिजन बस्ती में डा0 भीमराव अम्बेडकर पार्क का सुन्दरीकरण व मूर्ति स्थापना का कार्य।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
32		ग्राम सभा चंदापुर में संत रविदास पार्क का सुन्दरीकरण व मूर्ति स्थापना का कार्य।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
33		ग्राम सभा चिरईगाव में हरिजन बस्ती में डा0 भीमराव अम्बेडकर पार्क का सुन्दरीकरण व मूर्ति स्थापना का कार्य।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
34		ग्राम सभा दान्दूपुर में हरिजन बस्ती में डा0 भीमराव अम्बेडकर पार्क का सुन्दरीकरण व मूर्ति स्थापना का कार्य।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
35		ग्राम सभा गणेशपुर में संत रविदास/अम्बेडकर पार्क का सुन्दरीकरण व मूर्ति स्थापना का कार्य।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
36		ग्राम सभा बधवा रमना में संत रविदास/अम्बेडकर पार्क का सुन्दरीकरण व मूर्ति स्थापना का कार्य।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
37		ग्राम सभा सन्दहा में हरिजन बस्ती में डा0 भीमराव अम्बेडकर पार्क का सुन्दरीकरण व मूर्ति स्थापना का कार्य।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
38		ग्राम सभा सथवा में हरिजन बस्ती में डा0 भीमराव अम्बेडकर पार्क का सुन्दरीकरण व मूर्ति स्थापना का कार्य।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
39		ग्राम सभा नारायणपुर में हरिजन बस्ती में डा0 भीमराव अम्बेडकर पार्क का सुन्दरीकरण व मूर्ति स्थापना का कार्य।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
40		ग्राम सभा गौरडीह में हरिजन बस्ती में डा0 भीमराव अम्बेडकर पार्क का सुन्दरीकरण व मूर्ति स्थापना का कार्य।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
41		ग्राम सभा देवजी विकास खण्ड पिण्डरा में डा बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति स्थल के सून्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
42		ग्राम सभा नेहिया विकास खण्ड पिण्डरा में डा बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति स्थल के सून्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
43		ग्राम सभा मरुई विकास खण्ड पिण्डरा में डा बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति स्थल के सून्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
44		ग्राम सभा मूर्दी विकास खण्ड पिण्डरा में डा बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति स्थल के सून्दरीकरण का कार्य।	8.46	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
45		ग्राम सभा कुम्भापुर (दीनापुर) में अम्बेडकर जी पार्क का सुन्दरीकरण व मूर्ति स्थापना का कार्य।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
46		ग्राम सभा भिखारीपुर (खरावन) में अम्बेडकर जी पार्क का सुन्दरीकरण व मूर्ति स्थापना का कार्य।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
47		ग्राम सभा कुरु में अम्बेडकर जी पार्क का सुन्दरीकरण व मूर्ति स्थापना का कार्य।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
48		ग्राम सभा बचौरा में अम्बेडकर जी पार्क का सुन्दरीकरण व मूर्ति स्थापना का कार्य।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
49		ग्राम सभा बरही कला में अम्बेडकर जी पार्क का सुन्दरीकरण व मूर्ति स्थापना का कार्य।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
50		ग्राम सभा बेलवा (बड़ेपुर) में अम्बेडकर जी पार्क का सुन्दरीकरण व मूर्ति स्थापना का कार्य।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
51		ग्रामसभा सिंगही में डॉ0 बी0आर0 अम्बेडकर प्रतिमा का सुन्दरीकरण।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
52		ग्रामसभा पचाई में डॉ0 बी0आर0 अम्बेडकर प्रतिमा का सुन्दरीकरण।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
53		ग्रामसभा जद्दूपुर में सन्त सीरोमणी रविदास जी की प्रतिमा का सुन्दरीकरण।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
54		ग्रामसभा चन्दापुर में डॉ0 बी0आर0 अम्बेडकर प्रतिमा का सुन्दरीकरण।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
55		ग्रामसभा हाथी में सन्त सीरोमणी रविदास जी की प्रतिमा का सुन्दरीकरण।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
56		ग्रामसभा खेमापुर में डॉ0 बी0आर0 अम्बेडकर प्रतिमा का सुन्दरीकरण।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
57		ग्रामसभा बेसहूपुर सभईतरा में डॉ0 बी0आर0 अम्बेडकर प्रतिमा का सुन्दरीकरण।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
58		ग्रामसभा बनौली में डॉ0 बी0आर0 अम्बेडकर प्रतिमा का सुन्दरीकरण।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
59		ग्रामसभा दौलतीया में डॉ0 बी0आर0 अम्बेडकर प्रतिमा का सुन्दरीकरण।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
60		ग्रामसभा देईपुर में सन्त सीरोमणी रविदास जी की प्रतिमा का सुन्दरीकरण।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
61		रमरेपुर वार्ड अनौला गाव हरिजन बस्ती में डा0 भीमराव अम्बेडकर पार्क का जीर्णोद्धार का कार्य।	7.05	0.141	225+18% GST+500=766	3 माह
62		तरना वार्ड यमुना नगर कालोनी के पिछे मलिन बस्ती में डा0 भीमराव अम्बेडकर पार्क का जीर्णोद्धार का कार्य।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
63		शिवपुर वार्ड में काशीराम आवास पुलिस चौकी के पास डा0 भीमराव अम्बेडकर पार्क का जीर्णोद्धार का कार्य।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
64		पाण्डेयपुर वार्ड में पाण्डेपुर चौराहा पर उपन्यासकार सम्राट मुशी प्रेमचन्द जी की प्रतिमा का सुद्दृणीकरण तथा सौन्दरीकरण का कार्य।	4.84	0.097	150+18% GST+500=677	3 माह
65		चौकाघाट वार्ड मे अम्बेडकर नगर कालोनी में डा0 भीमराव अम्बेडकर पार्क का जीर्णोद्धार का कार्य।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
66		दनियालपुर वार्ड में बाटलोहिया ज्ञानोदय स्कूल के बगल में डा0 भीमराव अम्बेडकर पार्क का जीर्णोद्धार का कार्य।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
67		अकथा वार्ड में अशोका कालेज के बगल में मलिन बस्ती अकथा गाव में रविदास जी की मूर्ति का सुद्दृणीकरण तथा सौन्दरीकरण का कार्य।	5.15	0.103	150+18% GST+500=677	3 माह
68		नदेशर वार्ड में रामलीला मैदान नदेशर में महात्मा गांधी जी की मूर्ति का सुद्दृणीकरण तथा सौन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
69		सारनाथ वार्ड में मवईया हरिजन बस्ती में डा0 भीमराव अम्बेडकर पार्क का जीर्णोद्धार का कार्य।	8.36	0.167	225+18% GST+500=766	3 माह
70		लल्लापुरा वार्ड में गुलाब बाग पार्क में महापुरुष नेता सुबाष चन्द्र बोस जी की प्रतिमा का सुद्दृणीकरण तथा सौन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
71		लल्लापुरा वार्ड में गुलाब बाग पर्का में लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा का सुद्दृणीकरण तथा सौन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
72		भारतेन्दु हरिश्चिन्द्र कम्पनी गार्डेन का सुन्दरीकरण का कार्य।	5.03	0.101	225+18% GST+500=766	3 माह
73		महात्मा गांधी टाउनहाल मैदागीन का सुन्दरीकरण का कार्य।	4.53	0.091	150+18% GST+500=677	3 माह
74		महात्मा गांधी जल सम्पूर्ति कार्यालय के पिछे राजघाट का सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.169	225+18% GST+500=766	3 माह
75		डा0 श्यामसुन्दर दास खत्री कोतवाली के सामने का सुन्दरीकरण का कार्य।	2.49	0.050	150+18% GST+500=677	3 माह
76		स्वतन्त्र वीर हेमु कलाणी का सुन्दरीकरण का कार्य।	5.88	0.118	225+18% GST+500=766	3 माह
77		देशबन्धु चितरंजन दास पार्क दशाश्मेध का सुन्दरीकरण का कार्य।	5.64	0.113	225+18% GST+500=766	3 माह
78		गोकुलचन्द खत्री मछोदरी पार्क का सुन्दरीकरण का कार्य।	8.42	0.168	225+18% GST+500=766	3 माह

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 16.10.2026 से दिनांक 10.11.2026 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 10.11.2026 को समय दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 10.11.2026 को 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

उ.प्र.:- 258152

दिनांक:- 13.10.2026

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-वाराणसी
श्री राज्यपाल उ.प्र. की ओर से

वेबसाईट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल — गुरुवार, 15 अक्टूबर 2026

- **मेष-** कार्य में बाधा, आर्थिक परेशानी, सम्बन्धों में कटुता, प्रतिष्ठा पर आघात, व्यर्थभ्रमण।
- **वृषभ-** नवीन उपलब्धि, अधूरी योजना की पूर्ति, स्वनिर्णय लाभकेारी, कर्ज की अदायगी।
- **मिथुन-** परिवार में हर्षोल्लास, विवाद का समापन, मनोविनोद के अवसर, उपहार का लाभ।
- **कर्क-** मनोवांछित सफलता, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, मानसिक राहत, आय के नवीन स्रोत।
- **सिंह-** प्रगति में बाधा, मानसिक तनाव, क्रोध की अधिकता, प्रियजनों से मतभेद, धनहानि।
- **कन्या-** आर्थिक पक्ष बेहतर, धर्मकर्म में रुचि, आरोग्य सुख, मानसम्मान में वृद्धि, यात्रा भी।
- **तुला-** आरोग्यसुख, स्थानपरिवर्तन का कार्यक्रम, सुसमाचार की प्राप्ति, परिवार में खुशी।
- **वृश्चिक-** स्वास्थ्य प्रतिकूल, विवाद की आशंका, यात्रा में कष्ट, वाहन से भय, हानि संभव।
- **धनु-** योजना अधूरी, आर्थिक असंतोष, अनावश्यक खर्च, विरोधियों प्रभावी, राजकीय उलझने।
- **मकर-** अधूरे कार्य पूर्ण, दाम्पत्य जीवन मधुर, जीवन साथी से सामंजस्य, सुख के साधन।
- **कुम्भ-** आर्थिक स्थिति में सुधार, स्वजनों से सहयोग, कर्ज की निवृति, हर्ष का वातावरण।
- **मीन-** आय के स्रोत, कर्ज की अदायगी, सुसमाचार से खुशी, शुभकृत्य संपन्न, यात्रा सुखद।

आज है जिनका जन्मदिन — 15 अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 15 का मूलांक 6 का स्वामी ग्रह शुक्र एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। प्रभावशाली व्यक्तित्व के स्वामी होंगे। हमेशा कुछ न कुछ सोचते रहेंगे। उत्तरदायित्व की पूर्ति करने में सक्षम होंगे। शारीरिक श्रम की अपेक्षा मानसिक काम को अधिक महत्व देंगे। जो भी निर्णय लेंगे स्वतंत्र रूप से लेंगे। निर्णय को दृढ़ता से कायम रख सकेंगे। आपके कार्यों में अनिश्चिंतता का समावेश रहेगा। दूसरों की प्रगति देखकर उससे भी आगे निकल जाने की कोशिश करेंगे। किसी भी बात को स्पष्ट रूप से व्यक्त करने में विश्वास करेंगे। परोपकार की ओर भी रूझान अधिक रहेगा। जनसम्पर्क का लाभ प्राप्त करने में सक्षम होंगे। गृहस्थ जीवन सामान्य रहेगा। शृंगार एवं सौन्दर्य प्रसाधन वस्तुओं के क्रय में अधिक व्यय करेंगे। शुक्रवार के दिन सफेद रंगों से सम्बन्धित वस्तुओं का दान करें। शुक्र यंत्र सविधि धारण करें। तन-मन-कर्म-वचन से शुचिता का धर्म अपनावें सदाचार का पालन करें। आरोग्य व सौभाग्य के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

आपके लिए शुभ

मन्त्र	: ॐ शुं शुक्राय नमः	मास	: फरवरी, अक्टूबर एवं नवम्बर
व्रत	: शुक्रवार	वर्ष	: 6, 15, 24, 33, 42, 51, 60, 69
दिन	: सोमवार, मंगलवार एवं शुक्रवार	रंग	: हल्का नीला एवं सफेद
दिनांक	: 6, 15, 24	जन्मरत्न	: हीरा उपरत्न : सफेद पुखराज
अंक	: 4, 5, 8	जड़ी	: अरण्ड की जड़ दिशा : आग्नेय

वर्ष का महत्वपूर्ण समय—20 अक्टूबर से 21 अक्टूबर, 23 अक्टूबर से 20 अक्टूबर

यन्त्र

11	6	13
12	10	8
7	14	9

सुडोकू ४०८४

	7		2					
8		4				1		
	2		6		9			
		3	7					
						4	8	
				1				6
	6							9
				4				

हल ४०८३ सुडोकू

7	1	4	6	3	9	5	8	2
5	2	8	4	1	7	6	3	9
3	9	6	8	5	2	4	7	1
9	4	5	3	2	8	7	1	6
6	8	1	9	7	5	3	2	4
2	7	3	1	6	4	9	5	8
4	3	2	7	8	6	1	9	5
1	5	9	2	4	3	8	6	7
8	6	7	5	9	1	2	4	3